Downloaded From www.icseboard.org

त्रैमासिक परीक्षा 2018-2019
हिन्दी साहित्य

कक्षा : V
समय : 2 घंटे 15 मिनट पूर्णांक : 80

I. **कविता (दोहे) का शीर्षक तथा कवि का नाम लिखकर पंक्तियाँ पूरी करें :-** [1+1+6=8]

काल्ह करै........................
....................करैगो कब्ब ।।
ऐसी बानी........................
औरन.......................होय ।।

II. **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर चार-पाँच पंक्तियों में लिखें :-** [4x5=20]

(क) मीठी वाणी बोलने से क्या लाभ होगा ?
(ख) सैनिक बिना चने लिए ही क्यों लौट गए ?
(ग) डिजनीलैंड के राइड्स के बारे में माधवन ने क्या-क्या बताया?
(घ) संन्यासी ने राजा को क्या सीख दी ?
(ङ) राजज्योतिषी ने दरबार में प्रवेश कर क्या कहा ?

III. **निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखकर किन्हीं दो से वाक्य बनाएँ :- (शब्द उतारें)** [6+4=10]

मोहित, राइड्स, अद्भुत, किस्म, प्रभावित होना, काल्ह

IV. **निम्नलिखित वाक्य किसने, किससे, कब और क्यों कहा ?** [5+5=10]

(क) "यहाँ से आप लोग चने ले सकते हैं।"
(ख) "भइया, वह तो जादुई नगरी है न, आप वहाँ गए थे ?"

{Turn Over}

V. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक या दो शब्दों में लिखें :–[5]

(क) 'डिजनीलैंड' को आम जनता के लिए कब खोला गया ?

(ख) राजा की उदासी एवं निराशा का कारण क्या था ?

(ग) अकबर ने अपने पुत्र को क्या जीतने के लिए भेजा ?

(घ) कबीरदास जी ने सब काम कब करने के लिए कहा है ?

(ङ) अनन्या किसके पास बैठ गई ?

VI. निम्नलिखित खाली स्थानों में पाठ के आधार पर उचित शब्द लिखें :– [5]

(क) ________ के अभाव में मनुष्य _________ हो जाता है ।

(ख) करीब सात-आठ महीने के बाद________अपने घर लौटा।

(ग) देश के अधिकांश भाग पर________का शासन था ।

(घ) आगे बहुत अच्छी________के चने के खेत हैं ।

VII. निम्नलिखित शब्दों को शुद्ध कर लिखें :– (शब्द उतारें) [5]

सुछाव, बृद्ध, रोमाचक, वेज्ञानिक, सन्यासी, खूशबू, आश्चर्यचकीत, बुर्जुग, तालीयों, जादूई ।

VIII. निम्नलिखित गलत वाक्यों को सही कर लिखें :– [5]

(क) बूढ़े आदमी के आँखों में पानी भर आए ।

(ख) डिजनीलैंड को वाल्ट डिजनी की दो बेटियों ने बनाया था।

(ग) इन पेड़ों में तो बहुत अच्छी सुगंध आ रही है ।

(घ) सिपाहियों का एक दल चने के बगीचे की खोज में निकल पड़ा।

(ङ) यदि आप हर दिन उनकी देखभाल करेंगे, तो इनके फूलों की महक से आप प्रसन्न भी हो जाएँगे।

IX. निम्नलिखित वाक्यों को पाठ के आधार पर सही क्रम में लिखें :– [5]

(क) "इट्स अ स्मॉल वर्ल्ड" की मज़ेदार यात्रा पूरे विश्व का दर्शन करा देती है।

(ख) 'टून टाउन' में मिकी और मिनी का विशाल घर है।

(ग) डिजनीलैंड पार्क सपनों की अद्भुत दुनिया है।

(घ) वह कैलिफोर्निया में रहकर उच्च शिक्षा प्राप्त कर रहा था।

(ङ) 'रोलर कोस्टर' की डरावनी यात्रा में तो छोटे-बड़े सबकी चीखें सुनाई देती हैं।

X. निम्नलिखित वाक्य किस पाठ से लिए गए है, पाठ का नाम लिखें : [5]

(क) सैनिकों को शक हुआ कि कहीं यह व्यक्ति राजपूतों को एकत्र कर हमें घेर न लें ।

(ख) कुछ ही देर बाद पाँच कप चाय लेकर वह भइया के कमरे में आ गई ।

(ग) पौधों से बहुत अच्छी खुशबू आ रही है ।

(घ) रास्ते में जो खेत थे, वे मेरे गाँववालों के थे ।

(ङ) महामंत्री जी ने मुझे सब कुछ बता दिया था ।

XI. प्रश्न पत्र से ही दो-दो संज्ञा शब्द और सर्वनाम शब्द चुनकर लिखें – [2]

Downloaded From www.icseboard.org